ऐ मुहाजिरो और अंसारियो! तुम्हारे कुछ भाई ऐसे हैं, जो न धन रखते हैं न कुनबा। अतः, तुममें से हर व्यक्ति अपने साथ दो या तीन लोगों को मिला ले।

जाबिर (रज़ियल्लाहु अंहु) का वर्णन है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम)
ने युद्ध में निकलने का इरादा किया तो फ़रमायाः ऐ मुहाजिरो और अंसारियो! तुम्हारे
कुछ भाई ऐसे हैं, जो न धन रखते हैं न कुनबा। अतः, तुममें से हर व्यक्ति अपने साथ दो या तीन लोगों को मिला ले। इसपर, हममें से जिसके पास सवारी थी, वह उसपर बारी-बारी से सवार होता था। जाबिर (रज़ियल्लाहु अंहु) कहते हैं◌ः मैंने भी अपने साथ दो या तीन लोगों को मिला लिया था। मेरे ऊँट पर मेरी बारी उसी तरह थी, जिस तरह उनमें से किसी एक की थी। [सह़ीह़] [इसे अबू दाऊद ने रिवायत किया है।]

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/6005